भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
निर्माण भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 10 अक्तूबर, 2022

परिपत्र

दिनांक 13 अक्तूबर, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता कार्यक्रम के तहत, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के ईएमआर प्रकोष्ठ द्वारा स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में तैनात सभी कार्मिकों के लिए 13 अक्तूबर, 2022 को रिसोर्स सेंटर, कमरा सं. 445, ए स्कंध, चौथा तल में एक प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रश्नोत्तरी (क्विज) का मुख्य उद्देश्य विषय-क्षेत्र संबंधी ज्ञान का मूल्यांकन करना नहीं, अपितु कार्मिकों को आपदाओं और आपदा जोखिम न्यूनीकरण के प्रति संवेदनशील बनाना है।

प्रश्नोत्तरी (क्विज़) सत्र के बाद रिसोर्स अधिकारी/क्विज़-मास्टर द्वारा विषय-क्षेत्र संबंधी जानकारी दी जाएगी और उसके पश्चात माननीय स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक द्वारा पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

कार्मिकों के लिए श्रेणी-वार समय निम्नानुसार है:

क्रम संख्या	कार्मिकों की श्रेणी	क्विज़ का समय
1.	निदेशक और इससे ऊपर (इसमें समकक्ष संविदात्मक पद भी शामिल हैं।)	11.00-11.30 बजे
2.	सहायक अनुभाग अधिकारी से उप निदेशक (इसमें समकक्ष संविदात्मक पद भी शामिल हैं।)	11.30-12.00 बजे
3.	एमटीएस और इससे नीचे (इसमें समकक्ष संविदात्मक पद भी शामिल हैं।)	12.00-12.30 बजे

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, निर्माण भवन में तैनात सभी अधिकारियों/कार्मिकों से अनुरोध किया जाता है कि व स्वयं प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता में भाग लें तथा अपने अधीन प्रभागों के कार्मिकों को इस क्रियाकलाप में भाग लेने के लिए अनुमति प्रदान करें। सभी को भागीदारी के लिए प्रतीक दिया जाएगा तथा सभी विजेताओं को रोमांचक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

नवीन वर्मा

(डॉ. नवीन वर्मा)
उप निदेशक (ईएमआर)
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय,
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी प्रभाग

प्रतिलिपि:
1. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के प्रधान स्टाफ अधिकारी
2. उप निदेशक (सामान्य अनुभाग) को यह परिपत्र स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की वेबसाईट और ईमेल पर अपलोड करने के लिए।

कृपया अपलोड करें।
11/10/2022